# OXFORD PUBLIC SCHOOL

**(A Senior Secondary English Medium Co-Ed. School)**

**Affiliated to CBSE, New Delhi, Affiliation No. - 3430408**

**New Township, P.O. : Shahpur, Medininagar - 822110, District : Palamu (Jharkhand)**


*Ref. No. :* OPS/PTO/2025-26/298 *Date :* 28/01/2026

## प्रेस विज्ञप्ति

## परीक्षा पे चर्चा के अंतर्गत पराक्रम दिवस के अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ऑक्सफोर्ड का परचम।

### दिनांक – 28 जनवरी 2026

विदित हो कि केन्द्रीय विद्यालय पलामू में पराक्रम दिवस के अवसर पर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 27 जनवरी 2026 दिन बुधवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसका प्रबन्धन केन्द्रीय विद्यालय के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र प्रतिभागी रहें। कार्यक्रम के लिए अपने विद्यालय से कार्यक्रम समन्वयक के रुप में मिथिलेश शर्मा का चयन किया गया था। 5 विद्यालयों के 20–20 छात्रों ने इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उनमें से अभिलाषा कुमारी कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा ने द्वितीय व नवमीं के छात्र विपुल कुमार मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विदित हो कि परीक्षा पे चर्चा का 9वाँ संस्करण है जो प्रधानमंत्री के द्वारा छात्रों के परीक्षा संबंधी भय को दूर करने के लिए आयोजित की जाती है।

प्रार्थना सभा में शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य आर. प्रसाद ने कहा कि–ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा विद्यालय और देश का गौरव बढ़ता है साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाने से बच्चों के मानसिक/बौद्धिक विकास भी होता है। ऐसे आयोजन से बच्चों में जागरूकता के साथ–साथ वाचन और श्रवण–कौशल भी विकसित होता है। मेरी शुभकामनाएँ सभी प्रतिभागी छात्रों के साथ है।

28/1/26

आर. प्रसाद

प्राचार्य

Principal
OXFORD PUBLIC SCHOOL
New Township, Shahpur
Medininagar, Palamu-822110


Phone : 06586-299990, 9905302220, 9905402220

website : www.opsdaltonganj.in | e-mail : oxfordpsdaltonganj@gmail.com